**Roll No. ...................................**

# D–3997

## शास्त्री (द्वितीय वर्ष) परीक्षायाम्, 2020

### 'ख' वर्ग

### हिन्दी

अष्टम प्रश्नपत्र

समय : घण्टात्रयम् ] [ सम्पूर्णाङ्का : 100

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 45

(क) गुरुजी ऐसा तो संसार भर में कोई देश नहीं है। दो पैसा पास रहने ही में मजे से पेट भरता है। मैं तो इस नगर को छोड़कर नहीं जाऊँगा। और जगह दिन भर माँगो तो भी पेट नहीं भरता है। वरंच बाजे दिन उपास करना पड़ता है। सो मैं तो यहाँ रहूँगा।

(ख) सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो चार प्रहार





सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह ऊह करेगा जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं।

(ग) अमराई से जुड़ने का अर्थ होता है, वसन्त से जुड़ना, वसन्त की तैयारी से जुड़ना, जीवन की नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना, शक्ति से सघन श्यामल प्रसार से जुड़ना, संगीत मातृका दूर्वादल-श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसमन और फलन की समग्रता से जुड़ना, प्रकृति के एकतालबद्ध समाज की समरस्वरता से जुड़ना, मनुष्य के एकांत-विश्वास से जुड़ना और धरती उमंग की आकाश के स्वस्ति-वाचन से जुड़ना।

(घ) यह तो सुन्दरलाल की ही लिखावट है। लिखता है—पिताजी अगर मेरी जिन्दगी चाहते हो तो किसी आदमी के हाथ काबुली फाटक के बाहर आज ठीक शाम के आठ बजे दस हजार रुपया पहुँचा दो ! पुलिस को या कोई और सहायक लेकर आए तो खान कहता है, लड़के को मरा ही समझो। इन लोगों ने मुझे बड़ी तकलीफ़ दी है। शायद नरक की कोई भी यातना इससे अधिक नहीं हो सकती। मुझे विश्वास है, आप मेरी रक्षा करेंगे।

2. 'अंधेर नगरी' हास्य-व्यंग्यपूर्ण प्रहसन है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

नाटकीय तत्वों के आधार पर 'मम्मी ठकुराइन' एकांकी नाटक का विश्लेषण कीजिए।

3. 'वसंत आ गया है' निबंध की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

'एक दिन' एकांकी का तात्विक विवेचन कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) महादेवी वर्मा का रचना-कर्म

(ii) राहुल सांस्कृत्यायन का भाव-साम्य

(iii) 'क्रोध' एक मनोविकार है

(iv) 'काव्येषु नाट्यम रम्यम्' का सार

(v) हरिशंकर परसाई का व्यंग्य संसार

5. निम्नलिखित के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 20

(i) 'अंधेर नगरी' नाटक के नाट्यकार

(ii) हरीशंकर परसाई की मुख्य रचना

(iii) 'बहादुर कलारिन' के रचनाकार

(iv) 'मेरा परिवार' किसकी रचना है ?

(v) 'वोल्गा से गंगा' के कृतिकार





(vi) एकांकी किसे कहा जाता है ?

(vii) द्रुत पाठ में किन रचनाकारों को सम्मिलित किया गया है ?

(viii) विद्यानिवास मिश्र के निबंधों की शैली।

(ix) महंत और गोवर्धन दास किस नाटक के पात्र हैं ?

(x) आपकी पाठ्य-पुस्तक का नाम एवं प्रधान संपादक का नाम लिखिए।

D–3997